श्री माता वैष्णो देवी गुरुकुल, चरणपादुका, कटड़ा
जिला–रियासी, (जम्मू व कश्मीर)

प्रवेश सूचना–2025–26

श्री माता वैष्णो देवी गुरुकुल, चरणपादुका, कटड़ा में पूर्णतः आवासीय व पारम्परिक संस्कृत वेद अध्ययन से सम्बन्धित, कक्षा प्रथमा प्रथम वर्ष (छठी) में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं |

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सम्बद्ध इस गुरुकुल में प्रथमा (मिडिल) स्तर की कक्षाओं में पारम्परिक विषयों के अन्तर्गत साहित्य, व्याकरण, वेद, ज्योतिष विषयों को, आधुनिक विषयों के अन्तर्गत हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषयों को तथा अतिरिक्त रूप से कम्प्यूटर व संगीत विषयों की शिक्षा दी जाती है | साथ ही पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) स्तर पर उपरोक्त विषयों सहित विज्ञान विषय के स्थान पर शास्त्रीय विषय का प्रावधान होता है |

प्राक्शास्त्री (इन्टरमीडिएट) स्तर से लेकर शास्त्री (स्नातक) स्तर पर्यन्त गुरुकुल में NEP 2020 के अनुरूप केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के परंपरागत विषयों व आधुनिक विषयों वाला पाठ्यक्रम लागू किया गया है | जिसकी परीक्षाएं सत्रार्ध (सेमेस्टर) पद्धति से आयोजित की जाती हैं |

इच्छुक अभिभावक निम्नलिखित आवश्यक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं -

1. पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत |
2. आयु - 01.04.2025 को 10 वर्ष से कम एवं 12 वर्ष से अधिक न हो |

प्रवेश कार्यक्रम निम्नलिखित होगा

01.	आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि	:	03 मार्च 2025
02.	लिखित परीक्षा	:	16 मार्च 2025, सुबह 11:00 बजे
03.	मौखिक परीक्षा	:	20-21 मार्च 2025
04.	परीक्षा का स्थान	:	आध्यात्मिक विकास केन्द्र (SGC), (श्री माता वैष्णो देवी श्राईन बोर्ड, केन्द्रीय कार्यालय के सामने) कटड़ा, (जम्मूकश्मीर)

नोट -
01- पांचवीं कक्षा में अध्ययन कर रहे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं किन्तु उन्हें प्रवेश के समय पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा |
02- गुरुकुल में चयनित छात्रों को संस्था द्वारा आवास, भोजन, वस्त्र, पुस्तकादि नि:शुल्क प्रदान किये जायेंगे

सम्पर्क सूत्र : 6264467457
9149771002
Website: www.maavaishnodevi.org

Sd/-
प्रशासक

No.: CO/SMVDGK/3-IX/489 dated: 11 -01-2025